वर्ष 46 अंक 3
31 मार्च 2016

मेवाड़ चेम्बर पत्रिका

(मेवाड़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री का मासिक पत्र)

उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़
राजसमन्द एवं भीलवाड़ा का सम्भागीय चेम्बर

राज्य बजट को अन्तिम रूप देते हुए माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे अपनी टीम के साथ।

मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री
मेवाड़ चेम्बर भवन, नागौरी गार्डन, भीलवाड़ा (राज.) 311 001 फोन : 01482-220908, 238948
Email : mcci@mccibhilwara.com Visit us : www.mccibhilwara.com

3 मार्च 2016 को केन्द्रीय बजट पर सेमीनार को सम्बोधित करते हुए जयपुर के सीए श्री पीसी परवाल

बजट सेमीनार में उपस्थित चेम्बर के सदस्यगण।

22 मार्च 2016 को विश्व जल दिवस पर कार्यशाला में मंचासीन अतिथिगण।

कार्यशाला में दीप प्रज्जवलन करते हुए अतिथिगण।

कार्यशाला के दौरान पौध भैंट कर वृक्षारोपण का संदेश।

MEWAR CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY

Mewar Chamber Bhawan, Nagori Garden
Bhilwara 311 001 (Raj.) ✆ 01482-220908 Fax : 01482-238948
✉ mcci@mccibhilwara.com 🌐 www.mccibhilwara.com

OFFICE BEARERS

	OFFICE	MOBILE
President Mr. Anil Mansinghka anil@shardagroup.net	01482-233800	98290-46101
Sr. Vice President Mr. Dinesh Nolakha dinesh@nitinspinners.com	01482-286111	98281-48111
Vice Presidents Mr. N. N. Jindal jindalmarblepl@gmail.com	01472-240148	94147-34834
Mr. J. K. Bagrodia jkbagrodia1@gmail.com	01482-242435	94141-10754
Mr. P. K. Jain praveen.jain@vedanta.co.in	01483-229011	99280-47578

	OFFICE	MOBILE
Hony. Secretary General Mr. S.P. Nathany mcci@mccibhilwara.com	220908, 238948	94141-12108
Hony. Joint Secretary Mr. R. K. Jain rkjainbhilwara@gmail.com	01482-225844	94141-10844
Hony. Treasurer Mr. Deepak Agarwal deepak@babacollection.com	01482-241600	98290-67400
Executive Officer Mr. M.K.Jain mcci@mccibhilwara.com	220908	94141-10807

AFFILIATION

At the International Level : International Chamber of Commerce, Paris (France)

At the National Level : Federation of Indian Chamber of Commerce & Industry, (FICCI) New Delhi
Indian Council of Arbitration, New Delhi
National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development (NIESBUD), New Delhi.
Confederation of All India Traders, New Delhi

At the State Level : Rajasthan Chamber of Commerce & Industry, Jaipur.
: The Employers Association of Rajasthan, Jaipur.
: Rajasthan Textile Mills Association, Jaipur

REPRESENTATION IN NATIONAL & STATE LEVEL COMMITTEES

All India Power loom Board, Ministry of Textile, Govt. of India, New Delhi
National Coal Consumer Council, Coal India Ltd., Kolkata
State Level Tax Advisory Committee, Govt. of Rajasthan, Jaipur
State Level Industrial Advisory Committee, Govt. of Rajasthan, Jaipur
Regional Advisory Committee, Central Excise, Jaipur
Foreign Trade Advisory Committee, Public Grievance Committee, Customs, Jaipur
DRUCC/ZRUCC of North Western Railways

राजस्थान बजट 2016–17

माननीया मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने 8 मार्च 2016 को राज्य विधानसभा में राज्य का वर्ष 2016–17 का बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में भीलवाडा एवं मेवाड के अन्य जिलों से संबंधित विशेष बिन्दु यहा उद्धरित है।

आर्थिक आधारभूत ढाँचा

सड़क :

17. इसके अतिरिक्त 761 करोड़ रुपये की लागत से निम्न 19 अन्य RoBs एवं 2 RuBs का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ किया जायेगा– नेशनल हाईवे 79-II से स्वरूपगंज, जिला भीलवाड़ा एलसी नम्बर 72

मेवाड चेम्बर द्वारा पिछले 2 वर्षो से हमीरगढ ग्रोथ सेन्टर में आवागमन के लिए इस आरओबी के निर्माण के लिए रेलवे एवं राज्य स्तर पर प्रयास किये जा रहे थे। इस वर्ष के रेल बजट में भी इसकी स्वीकृति प्रदान की गई।

19. मुझे सदन को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि केन्द्र सरकार ने इस वर्ष राज्य में 4 नये राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा की है, जो कि निम्नानुसार हैं:–

- ❑ राष्ट्रीय राजमार्ग–48 दूदू के समीप से नरेणा–सांभर–नारायणपुरा–कुचामनसिटी–बुदसु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप छोटी खाटू
- ❑ मंदसौर–प्रतापगढ़–धरियाबाद–सलूम्बर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग–927 के समीप डूंगरपुर
- ❑ राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप फलौदी से नागौर–तरनाउ, छोटी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग–458 के समीप खाटू
- ❑ राष्ट्रीय राजमार्ग–752 के समीप कवई से छबड़ा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग–46 के समीप सदा कॉलोनी

पेयजल :

28. हमनें निर्णय लिया है कि पेयजल योजनाओं को स्वीकृत करने का मापदण्ड, चवचनसपेउ की जगह जनकल्याण होगा, इस हेतु लंबित परियोजनाओं को पूर्ण करना, हमारी प्राथमिकता रही है। हम चाहते तो पूर्व सरकार की तरह अनेक परियोजनायें बिना समुचित वित्तीय प्रबन्धन के स्वीकृत करते रहते। परन्तु हमनें गत् दो वर्षों में पूर्व की 24 स्वीकृत वृहद पेयजल परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि इनमें से 19 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा लगभग 47 लाख जनसंख्या शुद्ध पेयजल से लाभान्वित हो रही है। इसी कदम को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2016–17 में वृहत परियोजनाओं के लिए 2 हजार 950 करोड़ का प्रावधान किया जा रहा है, जिसमें से 13 लंबित पेयजल योजनाओं के लिए 831 करोड़ रुपये का प्रावधान उपलब्ध कराते हुए पूर्ण करने की मैं घोषणा करती हूँ। इन योजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:–

– तिवरी–मथानियां–ओंसियां–भोपालगढ़ पेयजल परियोजना, जिला जोधपुर (वर्ष 2007 की स्वीकृति)
– कोलायत लिफ्ट जल प्रदाय योजना, जिला बीकानेर (वर्ष 2007 की स्वीकृति)
– बीसलपुर–दूदू–फुलेरा पेयजल परियोजना, जिला जयपुर एवं टोंक (वर्ष 2002 की स्वीकृति)
– **चम्बल–भीलवाड़ा पेयजल परियोजना, जिला भीलवाड़ा**
– क्षेत्रीय जल प्रदाय योजना तहसील चाकसू, जिला जयपुर
– क्षेत्रीय जल प्रदाय योजना तहसील फागी, जिला जयपुर
– क्षेत्रीय जल प्रदाय योजना तहसील निवाई तथा टोंक, जिला टोंक
– **बांसवाड़ा पेयजल परियोजना, जिला बांसवाड़ा**
– चंबल–बूंदी पेयजल परियोजना, जिला बूंदी
– क्षेत्रीय जल प्रदाय योजना फलोदी हेडवर्क्स भौरी–कला–खारा–जालोडा, जिला जोधपुर।
– क्षेत्रीय जल प्रदाय योजना आरजीएलसी आरडी–42 घाटौर–कानासर–बाप, जिला जोधपुर।
– बाड़मेर लिफ्ट परियोजना द्वितीय चरण कलस्टर पार्ट–द्वितीय जिला बाड़मेर
– जवाई–पाली योजना द्वितीय चरण पार्ट–द्वितीय, जिला पाली

ऊर्जा :

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि संस्थागत सुधार पर निरंतर ध्यान देने का नतीजा रहा है कि हमारी सरकार के प्रथम दो वर्ष में विद्युत उत्पादन क्षमता में 4 हजार 283 मेगावाट की वृद्धि हुयी है, जबकि गत् सरकार के प्रथम दो वर्षों में 2 हजार 293 मेगावाट की

वृद्धि हुयी थी। इस वृद्धि के परिणामस्वरूप प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। एक हजार 273 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर राजस्थान देश में सौर ऊर्जा उत्पादन में प्रथम स्थान पर आ गया है। यही नहीं National Thermal Power Corporation द्वारा 420 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा भडला, जिला जोधपुर में विकसित किये जा रहे सोलर पार्क में लगायी जायेंगी। इस हेतु NTPC द्वारा आमंत्रित निविदाओं में सौर ऊर्जा का जो tariff प्राप्त हुआ है वह पूरे देश में सबसे कम है।

40. राज्य की माँग के अनुरूप प्रसारण एवं वितरण तंत्रा को सुदृढ़ व विकसित करने के लिए गत् दो वर्षों में 765 केवी के दो, 400 केवी का एक, 220 केवी के 17, 132 केवी के 33 ग्रिड सब–स्टेशन तथा 33 केवी के 643 सब–स्टेशन स्थापित किये गये हैं। आगामी वर्ष में 220 केवी के 6 तथा 132 केवी के 16 ग्रिड सब–स्टेशन तथा 33 केवी के 200 नये सब–स्टेशन स्थापित किये जायेंगे।

पर्यटन, कला एवं संस्कृति :

52. आगामी वित्तीय वर्ष में सवाईमाधोपुर एवं झालावाड़ में State Institute of Hotel Management तथा धौलपुर एवं बारां में Food and Craft Institutes की स्थापना की जायेगी। साथ ही, उदयपुर के Food and Craft Institute को State Institute of Hotel Management में upgrade किया जायेगा।

वन एवं पर्यावरण :

69. वर्तमान में red, orange and green category के उद्योगों के संचालन के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा जल अधिनियम 1974 एवं वायु अधिनियम 1981 के अंतर्गत दी जाने वाली consent की अवधि 3, 5 व 10 वर्ष होती है, जिसे बढ़ाकर क्रमशः 5, 10 व 15 वर्ष किया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य के green category में वर्गीकृत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों, जिनमें वायु एवं जल प्रदूषण होने की संभावना नगण्य है, को मण्डल से जल एवं वायु अधिनियम के अंतर्गत consent प्राप्त करने की अनिवार्यता को समाप्त करने की मैं घोषणा करती हूँ।

उद्योग :

70. वर्ष 2015–16 के बजट में उद्योगों के लिए land bank बनाने की घोषणा की गयी थी। रीको द्वारा राज्य में 6 हजार 800 हैक्टेयर भूमि का land bank बनाया जा चुका है। आगामी वर्ष में land bank को 10 हजार हेक्टेयर भूमि तक बढ़ाया जायेगा। साथ ही नये औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि की सूचना GIS के माध्यम से जन–साधारण को उपलब्ध करवायी जायेगी।

71. तेजी से बदलते औद्योगिक परिवेश में उद्यमी, भूमि एवं भवन पर पूंजी निवेश करने के स्थान पर समस्त सुविधायुक्त परिसर में अपना प्रोजेक्ट स्थापित करना चाहते हैं। राज्य में pollution free industries की स्थापना को सुगम बनाने के लिए रीको द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में plug and play सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी।

72. प्रदेश में राजस्थान स्टार्टअप पॉलिसी 2015 लागू की गयी है। इसके तहत राज्य में युवा उद्यमियों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। इस हेतु वर्ष 2016–17 में 10 करोड़ 85 लाख रू. का प्रावधान प्रस्तावित है।

73. इलेट्रोनिक्स सिस्टम डिजाईन एवं विनिर्माण (ESDM) क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए रीको द्वारा कारोली औद्योगिक क्षेत्र, भिवाड़ी में 122 एकड़ भूमि क्षेत्र पर green field electronic manufacturing cluster स्थापित किया जायेगा।

74. प्रदेश में textile processing एक महत्वपूर्ण उद्योग है। बालोतरा, पाली तथा जसोल में common effluent treatment plant के upgradation को मूर्तरूप देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 66 करोड़ रुपये का अंशदान दिया जायेगा।

75. Textile क्षेत्र में लगभग 11 हजार युवकों को integrated skill development scheme के तहत कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस योजना के तहत अब तक प्रशिक्षित युवकों में से 90 प्रतिशत को रोजगार उपलब्ध हो चुका है।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा :

167. स्थानीय छात्र–छात्राओं की अपेक्षा के अनुरूप मैं घोषणा करती हूँ कि स्नातक स्तर पर राजकीय महिला महाविद्यालय बालोतरा–बाड़मेर एवं राजकीय महाविद्यालय राजसमंद में भूगोल, राजकीय महिला महाविद्यालय पीपाड़सिटी–जोधपुर, सवाईमाधोपुर और नीमकाथाना में गृह विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय डूंगरपुर एवं राजकीय महिला महाविद्यालय खण्डेला में भूगर्भ शास्त्र, एम.एल. वी राजकीय महाविद्यालय भीलवाड़ा एवं बिलाड़ा–जोधपुर में संस्कृत, कपासन–चित्तौड़गढ़ में वाणिज्य, चूरू में लोक प्रशासन, चिमनपुरा–जयपुर में अर्थशास्त्रा, तथा सीकर में physics विषय प्रारम्भ किये जायेंगे।

बजट 2016–17 के कर प्रस्तावों के महत्वपूर्ण बिन्दु

वाणिज्यिक कर विभाग

सभी करों के लिये पंजीयन एवं विवरणी का एक ही ऑनलाईन प्रपत्र बनाया गया है। व्यवहारी पंजीयन हेतु डिजीटल हस्ताक्षर युक्त

ऑनलाईन आवेदन करने पर, कार्यालय में जाये बिना ही पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें।

अपील तथा अन्य आवेदन प्रपत्र यथा अधित्यजन (Waiver) एवं संशोधन इत्यादि ऑनलाईन।

सभी करों से संबंधित मांग एवं संग्रहण पंजिका (डीसीआर) ऑनलाईन जिससे व्यवहारी को बकाया मांग राशि की सूचना, वाणिज्यिक कर कार्यालय जाये बिना उपलब्ध।

फरवरी, 2016 तक 2 लाख 18 हजार कर निर्धारण ऑनलाईन पारित।

SBI e-Pay Gateway अब ई–ग्रास से लिंक। अब 8 के बजाय 35 बैंकों के माध्यम से कर का भुगतान समभव।

सरलीकरण एवं सुविधाएँ :

व्यवहारियों को डीलर सर्च, भुगतान, पैन, प्रमाण पत्र एवं प्रपत्र तथा सभी प्रकार के आवेदन पत्रों की स्थिति की सूचना मोबाईल पर हर समय व हर जगह उपलब्ध हो सकेगी।

व्यवहारियों एवं जन सामान्य की कर समबन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीय पोर्टल एवं मोबाईल एप के द्वारा सुझाव एवं समस्या सामधान की ऑनलाईन सुविधा।

प्रवेश कर, विलासिता कर तथा मनोरंजन कर के तहत एक ही प्रपत्र द्वारा ऑनलाईन अपील दायर करने की सुविधा।

प्रवेश कर, विलासिता कर तथा मनोरंजन कर के तहत एकीकृत आवेदन प्रपत्र एवं प्रत्यर्पण ऑनलाईन।

वाद अधीन प्रकरणों की निगरानी हेतु केन्द्रीकृत वाद ट्रेकिंग प्रणाली प्रारम्भ होगी।

व्यवहारियों की सुविधा हेतु राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, विद्युत शुल्क एवं विलासिता कर अधिनियमों/नियमों में संशोधन :

व्यवहारियों द्वारा कारबार के मुख्य स्थान के परिवर्तन के लिये विभागीय प्रक्रिया पूरी करने हेतु निर्धारित वर्तमान में 60 दिन की समय सीमा घटाकर 30 दिन की गई।

व्यवहारियों द्वारा रिटर्न प्रस्तुत नहीं करने/विलम्ब से करने के कारण लगाये गये विलम्ब शुल्क (Late fee) के अधित्यजन (waiver) की शक्तियाँ राज्य सरकार को प्राप्त।

वर्ष के दौरान वैट-11 के स्थान पर वैट-10 के दायी होने पर व्यवहारी को पूर्व के त्रैमासिक के लिये वैट-10 देने की आवश्यकता नहीं।

ऐसे ठेकेदारों जिन्होनें छूट प्रमाण पत्र प्राप्त कर रखा है तथा प्रोजेक्ट में बचे हुये माल की बिक्री करते हैं, विवरणी वैट–11 में दे सकेंगें।

व्यवहारियों द्वारा गलती से चालान में कालावधि का गलत अंकन हो जाने अथवा राशि अधिक जमा हो जाने पर ऐसी जमा राशि का शीघ्र समायोजन या प्रत्यर्पण किया जायेगा।

व्यवहारियों के लिए ऑनलाईन प्रत्यर्पण प्रक्रिया का सरलीकरण।

परिशोधन हेतु आवेदनों के निस्तारण की समय सीमा 1 वर्ष से घटाकर 6 माह की गई।

व्यवहारियों को वैट इनवोइस पर सामान्य हस्ताक्षर के साथ–साथ डिजीटल हस्ताक्षर की भी सुविधा।

अवार्डर द्वारा फॉर्म वैट–40ई में ऑनलाइन रिटर्न प्रस्तुत करने की स्थिति में, टी.डी.एस. प्रमाण पत्र स्वतः ही ठेकेदार के डीलर प्रोफाइल में जेनरेट हो जायेगा। ठेकेदार को कर निर्धारण अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं।

अवार्डर को वर्ष की समाप्ति से 3 माह में फॉर्म वैट–40ई के रिवीजन की सुविधा।

व्यवहारियों को बिजनेस ऑडिट के लिये ऑडिट का स्थान चयन करने के विकल्प की अनुमति।

वर्ष 2013–14 के कर निर्धारण सम्पूरित करने के लिये समय अवधि 31.07.2016 तक बढ़ायी गई।

बिल्डर्स और डेवलपर्स को परियोजनावार एक मुश्त कर जमा कराने की सुविधा।

बिल्डर्स और डेवलपर्स द्वारा अब पंजीकृत सब कान्ट्रेक्टर का टीडीएस नही काटा जायेगा।

ऑनलाईन जेनरेट किये गये घोषणा पत्रों में किसी त्रुटि के संशोधन हेतु वर्तमान 6 माह में निरस्त करने की अवधि को उपायुक्त प्रशासन द्वारा 6 माह तक और बढ़ाया जा सकेगा।

औद्योगिक ईकाइयों को सुविधा देने की दृष्टि से जनरेटिंग सैट्स को केपीटल गुड्स में शामिल किया गया।

कुछ चुनिन्दा वस्तुओं पर दिनांक 01.08.2016 से e-transit pass की व्यवस्था। यह e-transit pass मोबाईल एप के माध्यम से भी जेनरेट किया जा सकेगा।

नगरीय व जल संरक्षण उपकर में छूट प्रदान करने की राज्य सरकार को शक्ति प्रदान करने हेतु विद्युत शुल्क अधिनियम में संशोधन।

विलासिता कर की पंजीयन प्रक्रिया का सरलीकरण अब विलासिता कर का पंजीयन वैट के अनुरूप ही।

ई–कॉमर्स के माध्यम से राज्य में लाई जा रहीं वैट के तहत कराधेय समस्त वस्तुओं पर प्रवेश कर।

पंजीयन एवं मद्रांक विभाग

ई–गवर्नेंस सम्बन्धी कदम :

कृषकों की सुविधा हेतु कृषि ऋण से सम्बन्धित बन्धक पत्रों के ऑनलाईन पंजीयन की व्यवस्था की जायेगी।

बैंकों द्वारा निष्पादित दस्तावेजों एवं उन पर भुगतान की गई स्टाम्प ड्यूटी की सूचना विभाग को उपलब्ध करवाने के लिए बैंकों को विभाग के सॉफ्टवेयर से लिंक दिया जायेगा।

सभी पूर्णकालीन उप–पंजीयक कार्यालयों को ई–पंजीयन व्यवस्था से जोड़ा जायेगा तथा 100 और पदेन उप–पंजीयक कार्यालयों में ई–स्टाम्प सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

आम जनता को दस्तावेज पंजीयन कराने हेतु अग्रिम रूप से समय की बुकिंग करवाने की सुविधा संभागीय मुख्यालयों पर स्थित उप–पंजीयक कार्यालयों में ई–पंजीयन सॉफ्टवेयर के माध्यम से दी जायेगी।

पुराने पंजीकृत दस्तावेजों का कपहपजप्रंजपवद कराने के साथ ही आम जनता को पंजीबद्ध दस्तावेजों को ऑनलाईन सर्च करने की सुविधा प्रदान की जायेगी।

नोटिसों को ई–मेल सहित विभिन्न माध्यमों से तामील कराने के प्रावधान किये गये।

सरलीकरण और सुविधाएँ

प्रथम चरण में जयपुर शहर के उप–पंजीयक कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत हेल्प डेस्क की सुविधा दी जायेगी।

उप–पंजीयक कार्यालय में गवाहों की व्यक्तिगत उपस्थिति के स्थान पर आधार से सत्यापन के प्रावधान।

पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के लिये पृथक कैडर।

जसोल, निम्बाहेडा, नाथद्वारा, कुचामन सिटी, पाली, बीकानेर एवं भीलवाड़ा में उप–पंजीयक कार्यालय के नवीन भवनों का निर्माण कराया जायेगा।

कम्पनियों और बैंकों के अमलगमेशन आदि के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी के प्रावधानों को सरल किया गया।

ऐसे स्टाम्प वेण्डर जो ई–स्टाम्प भी बेचते हैं उनके लिये स्टाम्प पत्र बेचने की सीमा 50,000 रूपये से बढ़ाकर 1 लाख रूपये की गई।

जयपुर जिले की कालवाड उप तहसील तथा जैसलमेर जिले की नोख, सम एवं रामगढ उप तहसीलों को दस्तावेजों के पंजीयन के अधिकार दिये गये।

किसी अन्य निर्धारित श्रेणी में नहीं आने वाले निर्माणों का मूल्यांकन करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त तय करने हेतु महानिरीक्षक, स्टाम्प को अधिकृत किया गया।

फार्म हाऊस प्रयोजनार्थ भूमि के मूल्यांकन से सम्बन्धित प्रावधानों को व्यवहारिक एवं तर्कसंगत किया गया।

LLP के गठन, अमलगमेशन, डीमर्जर, पुनर्गठन, अवसायन और विघटन पर स्टाम्प ड्यूटी के प्रावधान किये गये।

Leave and licence के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी के प्रावधानों को lease deed के समान किया गया।

परिवहन

गैर परिवहन वाहनों पर लिये जाने वाले एकबारीय कर को वाहन मूल्य के स्थान पर ईंजन क्षमता एवं उपभोग पर आधारित करना।

ग्रीन टैक्स वर्गीकरण वाहन के पुराने होने के आधार पर करना।

10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले भार वाहनों पर विशेष पथकर की दरों का मूल्य आधारित किया जाना।

7500 किग्रा सकल भार वाले वाहनों के स्थान पर 12000 किग्रा. तक के सकल यान भार वाले भार वाहनों एवं टैक्सी तथा मैक्सी कारों पर एकमुश्त कर 6 किश्तों में किया जाना।

औद्योगिक निवेश हेतु प्रोत्साहन :

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना–2014 के तहत 252 इकाईयों में लगभग 8,096 करोड़ रूपयों का निवेश।

RIPS-2014 के अन्तर्गत महिला उद्यमियों को निम्न अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगें:–

(i) संपरिवर्तन शुल्क की छूट 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की गई।

(ii) रोजगार सृजन अनुदान की सीमा सामान्य श्रेणी के कार्मिक के लिये 25 हजार से बढ़ाकर 30 हजार तथा महिला/अजा/अजजा/विशेष योग्य जन श्रेणी के कार्मिकों के लिए 30 हजार से बढ़ाकर 35 हजार।

रोजगार सृजन अनुदान तथा कन्वर्जन चार्जेज का बढ़ाया गया अतिरिक्त लाभ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और विशेष योग्यजन उद्यमियों को भी दिया जायेगा।

पिछडे तथा अतिपिछडे जिलों के नगरपालिका क्षेत्रों में स्थापित होने वाले उद्यमों को भी पिछडे तथा अतिपिछड़े क्षेत्रों के लाभ प्रदान किये जायेंगे।

पिछड़े तथा अतिपिछडे क्षेत्रों में लगने वाले उद्यमों को निम्नलिखित अतिरिक्त लाभ दिये जायेगें :

(i) विद्युत शुल्क में 50 प्रतिशत के स्थान पर 100 प्रतिशत छूट।

(ii) निवेश अनुदान और रोजगार सृजन अनुदान के लाभ के लिये ई.एफ.सी.आई. की सीमा लागू नहीं होगी।

(iii) पिछड़े क्षेत्रों में लगने वाले उद्योगों को 0.5 प्रतिशत तथा अतिपिछडे क्षेत्रों में लगने वाले उद्योगों को 1 प्रतिशत विशेष ब्याज अनुदान देय होगा जो अन्य क्षेत्रों में दिये जा रहे लाभ के अतिरिक्त होगा।

कृषि उद्योगों/खाद्य प्रसंस्करण/जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्राों को प्रोत्साहन :

RIPS-2014 में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमों को विशिष्ट क्षेत्र (thrust sector) घोषित करने के साथ फूड पार्क में स्थापित होने वाली खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयों को अतिरिक्त अनुदान एवं रियायतें दी जायेगी।

RIPS-2014 के तहत कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र के अतिरिक्त लाभ आटा, सूजी, मैदा, बेसन के 2 करोड़ रूपये से अधिक निवेश करने वाले तथा माल्ट बनाने वाले उद्यमों को दिया जायेगा। फिशफीड निर्माण करने वाले उद्यमों को ब्याज अनुदान का लाभ दिया जायेगा।

Bio-technology सेक्टर को RIPS-2014 के तहत विशिष्ट सेक्टर में शामिल कर निम्न लाभ दिये जायेंगें।

- ❑ 5 करोड़ से अधिक और 25 करोड़ रूपये तक के निवेश पर 60 प्रतिशत निवेश अनुदान और 10 प्रतिशत रोजगार सृजन अनुदान तथा 25 करोड़ से अधिक के निवेश पर निवेश अनुदान की सीमा 70 प्रतिशत होगी।
- ❑ कैपिटल गुड्स के आयात पर प्रवेश कर में 100 प्रतिशत छूट।
- ❑ 100 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश तथा 200 व्यक्तियों से अधिक रोजगार सृजन करने पर कस्टमाईज पैकेज का लाभ।

RIPS-2010 तथा RIPS-2014 के अन्तर्गत ऐसी इकाईयों को जिनका बेचान अथवा हस्तान्तरण हो जाता है। हस्तान्तरण के पश्चात् बचे हुए लाभ नये स्वामी/क्रेता को दिये जायेगे।

कर में राहत – वाणिज्यिक कर विभाग :

राज्य सरकार द्वारा घोषित वस्तुओं पर VAT से मुक्ति दी गई।

कारागार में निर्मित वस्तुओं को वैट से छूट।

सभी प्रकार के यार्न पर वैट की दर 5.5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गई है।

12000 किलोग्राम अथवा इससे अधिक सकल भार वाले परिवहन वाहनों पर वैट दर 15 प्रतिशत से घटाकर 13 प्रतिशत की गई है।

पान पर वैट की दर 14.5 प्रतिशत के घटाकर 5 प्रतिशत की गई।

नगरीय उपकर तथा जल संरक्षण उप कर से छूट प्रदान करने की शक्तियां राज्य सरकार हो होगी।

ठेकदारों के लिए TDS की दर 6 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत कर दी गई है।

जापानी जोन और कोरियन जोन में स्थापित औद्योगिक इकाईयों के लिये अन्तर्राज्यीय बिक्री पर 0.25 प्रतिशत की रियायती कर दर को दिनांक 31 मार्च, 2017 या जी.एस.टी. लागू होने में से, जो भी पहले हो तक के लिये बढ़ाया।

RIPS-2010 के अन्तर्गत विद्युत शुल्क से छूट के लाभ सेवा क्षेत्रा को भी दिये जायेगे।

War widows सेवानिवृत सैन्यकर्मी, उनकी विधवाओं तथा रक्षा कार्मिकों आदि को CSD कैंटीन से सामान लेने पर वैट का लाभ।

प्रवेश कर तथा मूल्य परिवर्द्धित कर के लिये एमनेस्टी स्कीम

प्रवेश कर से सम्बन्धित मामलों में व्यवहारियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एमनेस्टी स्कीम लायी जायेगी।

वैट की एमनेस्टी स्कीम की समयावधि 31 मार्च, 2016 तक बढ़ाई गई।

पंजीयन एवं मुद्राक :

वर्ष 2016–17 में जिला स्तरीय समिति द्वारा कृषि, आवासीय एवं वाणिज्यिक भूमि की दरों में वृद्धि नहीं की जायेगी।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अन्तर्गत EWS एवं LIG के व्यक्तियों को आवंटित आवास के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी घटाकर क्रमशः रूपये 50 एवं रूपये 100 की गई।

दिनांक 09.03.2015 के पूर्व निष्पादित बैंक गारंटी दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी घटाकर रूपये 1000 की गई एवं दिनांक 09.03.2015 से पूर्व की अवधि के लिये एवं 09.03.2015 से बैंक गारंटी के नवीनीकरण पर स्टाम्प ड्यूटी घटाकर क्रमशः अधिकतम रूपये 100 एवं रूपये 1000 की गई।

विकास प्राधिकरणों/UIT/स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा नियमितिकरण कर जारी किये गये पट्टों पर स्टाम्प ड्यूटी घटाई गई।

भू–रूपान्तरण एवं समान प्रकृति के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी की दर को तर्कसंगत किया गया।

उद्योगों को राहत देने हेतु कब्जा रहित ऋण अनुबंधों/बन्धक पत्रों पर देय स्टाम्प ड्यूटी की अधिकतम सीमा 10 लाख रूपये की गई।

मुद्रा योजना के अन्तर्गत दिए जाने वाले 10 लाख रूपये तक के ऋणों के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी माफ की गई।

वरिष्ठ नागरिकों द्वारा लिए जाने वाले Reverse mortgage ऋण पर स्टाम्प ड्यूटी माफ की गई।

विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक प्रयोजनों के लिये 10 लाख रूपये तक के ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट दी गई।

राज्य के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु स्वीकृत 2 लाख रूपये तक के ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी से छूट प्रदान की गई।

राजस्थान स्टार्ट–अप पॉलिसी में पात्र स्टार्ट–अप को 10 लाख रूपये तक के ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी से छूट प्रदान की गई।

बहुमंजिला इमारतों में तृतीय एवं उससे ऊपर की मंजिलों पर फ्लैट्स/यूनिट्स के लिए स्टाम्प ड्यूटी की गणना हेतु भूमि के आनुपातिक मूल्यांकन की दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत किया गया।

ऋण इकरारनामों, Hypothecation deed, Further Charge एवं बंधक पत्र के दस्तावेज पर पंजीयन शुल्क की अधिकतम सीमा 25 हजार रूपये निर्धारित की गई।

Further Charge के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी की दर 2 प्रतिशत से घटाकर 0.15 प्रतिशत की गई।

पार्टनरशिप तथा कम्पनी से LLP में रूपान्तरण पर स्टाम्प ड्यूटी में रियायत दी गई।

जिला बाड़मेर के जसौल और पचपदरा क्षेत्रों में दिनांक 11.7.2013 से 02.3.2014 की अवधि में पंजीयन पर रोक होने के कारण पंजीयन से शेष रहे आवासीय पट्टों पर स्टाम्प ड्यूटी मे राहत दी गई।

राजस्थान स्टाम्प अधिनियम की धारा 35 एवं 36 के अन्तर्गत दस्तावेज के निष्पादन की दिनांक से कलक्टर (मुद्रांक) के आदेश की दिनांक तक की अवधि के लिए देय ब्याज की छूट दी जायेगी।

राजस्व एवं उपनिवेशन

नगरीय विकास

स्थानीय निकाय/प्राधिकरणों/नगर सुधार न्यासों एवं आवासन मण्डल के लीज होल्डर्स द्वारा पूर्व की समस्त बकाया वार्षिक लीज राशि चालू वर्ष की लीज राशि सहित जमा कराये जाने पर बकाया लीज के ब्याज में 50 प्रतिशत की राहत एवं पूर्व की बकाया एवं आगे के लिये समस्त वर्षों के लिये एक मुश्त लीज राशि जमा कराने पर बकाया लीज राशि के ब्याज में शत–प्रतिशत छूट दी जायेगी।

शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए डे–केयर सेंटर की स्थापना हेतु योग्य संस्थाओं को अधिकतम 500 वर्गमीटर भूमि आरक्षित आवासीय दर के 50 प्रतिशत पर आवंटित की जायेगी। साथ ही इस प्रकार के डे–केयर सेंटरों की स्थापना हेतु भूमि रूपांतरण एवं भू–उपयोग परिवर्तन पर लिये जाने वाले सभी शुल्क भी माफ किये जायेंगे।

राजस्व वृद्धि के उपाय – वाणिज्यिक कर विभाग

एरिएटेड पेयों पर वैट की दर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत की गई।

अर्द्धसिले वस्त्रों, ग्वारगम तथा गम पाऊडर पर वैट दर 5.5 प्रतिशत की गई।

सभी प्रकार की सिगरेट्स पर वैट की दरों में वर्तमान विशिष्ट वैट दरों से 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई।

बेसिक तथा क्लासिक श्रेणी के हेरीटेज होटलों को छोडकर प्रतिदिन रूपये 10 हजार तथा उससे अधिक किराये वाले होटलों पर विलासिता कर 10 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत।

सभी प्रकार के यार्न पर प्रवेश कर 2 प्रतिशत की दर से लगाया गया।

पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग

गौ–संरक्षण एवं संवर्धन के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर 10 प्रतिशत अधिभार लगाया गया।

पैतृक सम्पत्ति के विभाजन, पारिवारिक सेटलमेन्ट एवं पैतृक सम्पत्ति के हकत्याग के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी की दरों को तर्कसंगत किया गया।

विक्रय इकरारनामा एवं अन्य इकरारनामों पर पंजीयन शुल्क की अधिकतम सीमा 50 हजार रूपये को समाप्त किया गया।

अभिस्वीकृति, एडमिनिस्ट्रेशन बॉण्ड, गोदनामा, शपथ पत्र, शेयर सर्टिफिकेट्स, प्रतिलिपि, काउण्टर पार्ट एवं संकर्म संविदा के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी की दरों को तार्किक बनाया गया।

कलक्टर (मुद्रांक) द्वारा स्टाम्प ड्यूटी के न्याय निर्णयन हेतु लिये जाने वाले शुल्क की राशि का पुनरीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना में सहयोग

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना में मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सदस्यों के सहयोग के विषय में माननीया जिला कलक्टर के साथ चेम्बर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसके पश्चात् चेम्बर की सदस्य स्पिनिंग, विविंग एवं अन्य इकाईयों की बैठक कर चर्चा की गई। सदस्यों की ओर से, मेवाड चेम्बर के तत्वावधान में, 51 लाख रुपये के कार्य निष्पादित करने का निश्चिय किया गया। मेसर्स कंचन इण्डिया लिमिटेड 10 लाख के कार्य निष्पादन हाथ में लिये है। शेष 41 लाख रुपये के कार्य निष्पादित के लिए जिला प्रशासन को, सदस्यों से प्राप्त विगत के अनुसार आवेदन किया गया।

कार्य निष्पादन कर्ता	कार्य का विवरण			अनुमानित लागत
नितिन स्पिनर्स लिमिटेड	शाहपुरा उपखण्ड	लसाडिया पंचायत देवपुरी ग्राम	एनिकट बालाजी की खेलाई नं.1	लगभग 14.00 लाख
	शाहपुरा उपखण्ड	लसाडिया पंचायत देवपुरी ग्राम	एनिकट खारी चौराहा की खेलाई नं. 2	
आरएसड्ब्ल्यूएम लिमिटेड गुलाबपुरा	ग्राम पंचायत भोजरास, बरांटिया, बडला	भोजरास, लक्ष्मणपुरा, चैनपुरिया, अमरतिया, सुल्तानपुरा	5 कुओं को गहरा करना	लगभग 12.70 लाख
आरएसड्ब्ल्यूएम लिमिटेड मण्डपम	ग्राम पंचायत पीपली (सुवाणा)	पीपली ग्राम	कुआ को गहरा करना	लगभग 3.00 लाख
आरएसड्ब्ल्यूएम लिमिटेड कान्याखेडी	ग्राम पंचायत दान्थल (सुवाणा)	बगतो का खेडा	कुआ को गहरा करना	लगभग 2.00 लाख
बी एस एल लिमिटेड	तहसील भीलवाडा	ग्राम पंचायत कान्दा, ग्राम कान्दा	मैसनरी चेकडेम	लगभग 1.00 लाख
		ग्राम पंचायत पीपली, ग्राम कलुन्दिया	मैसनरी चेकडेम	लगभग 1.07 लाख
मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री		पीएचईडी से संबंधित सुवाणा पंचायत समिति के कार्य		लगभग 5.39 लाख
संगम इण्डिया लिमिटेड				लगभग 15.00 लाख
कुल योग				**लगभग 54.16 लाख**

यार्न पर प्रवेश कर वापस लेने हेतु

राज्य बजट में यार्न पर प्रवेश कर लगाने से, सरकार द्वारा पावरलूम उद्योग के विकास के लिए यार्न पर वेट कर की दर 5.5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो गया। क्योंकि पावरलूम उद्योग के उपयोग में आने वाला काफी किस्म का यार्न राज्य में उत्पादित ही नही होता है। मेवाड चेम्बर की ओर से प्रवेश कर को वापस लेने के लिए माननीया मुख्यमंत्री महोदया, उद्योगमंत्री महोदय एवं अन्य अधिकारियों को निम्न प्रतिवेदन प्रेषित किया गया।

राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2016–2017 में यार्न पर वेट कर की दर 5.5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करके राजस्थान में टेक्सटाइल एवं विशेषरुप से लघु एवं मध्यम पावरलूम उद्योगों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है, जिसके लिए हम राजस्थान के टेक्सटाइल उद्योग एवं मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से आपका हार्दिक आभार ज्ञापित करते है।

लेकिन इसके साथ राज्य के बाहर से आने वाले यार्न पर अधिसूचना क्रमांक एफ12(11) एफडी/टेक्स/ 2016–209 दिनांक 08.03. 2016 से ''दी राजस्थान टेक्स ऑन एन्ट्री ऑफ गुडस इन्टू लोकल एरिया एक्ट 1999'' के अन्तर्गत ''सभी प्रकार के यार्न (कॉटन एवं सिल्क हैंक यार्न को छोडकर)'' 2 प्रतिशत की दर से प्रवेश कर लगाया गया है।

इस संबंध में हमारा निवेदन है कि राज्य में पावरलूम उद्योगों द्वारा वस्त्र उत्पादन में कई तरह के यार्न का उपयोग किया जाता है एवं समस्त तरह के यार्न का उत्पादन राजस्थान में नही होने से पावरलूम उद्योग को मजबूरी वश राज्य के बाहर से यार्न खरीदना होता है। भीलवाडा के टेक्सटाइल उद्योग द्वारा 1 लाख टन प्रतिवर्ष से अधिक टेक्ट्राइज्ड यार्न उपयोग में लिया जाता है, 50 से 60 हजार टन पीवी स्पेश्लाइज्ड यार्न जैसे मल्टीफाइबर, मल्टीफैन्सी, एक्रेलिक एवं अन्य वैराइटी के यार्न जिनका राज्य में उत्पादन नगण्य है। साथ ही किशनगढ, ब्यावर आदि में स्थापित द्वारा जिस तरह का सूती धागा उपयोग में आता है, उस तरह का राज्य में उत्पादित ही नही होता है।

राज्य में स्थापित बडी स्पिनिंग इकाईयां एक्सपोर्ट क्वालिटी का सूती धागा ही उत्पादित करती है एवं उनका अधिकांश उत्पादन निर्यातकिया जाता है। किशनगढ एवं ब्यावर में पावरलूम उद्योग द्वारा आमतौर से बेडशीट निर्माण का कपडा बनाया जाता है, जो कि बगरु एवं जयपुर में रंगाई एवं छपाई के बाद निर्यात की जाती है। यहां का पावरलूम उद्योग पहले ही चाइनिज उत्पादित कपडे से कठिन प्रतिस्पद्धा से संकट में है एवं यार्न पर प्रवेश कर से यहां के पावरलूम उद्योग घौर संकट में आकर, यहां तक की बन्द होने की स्थिति में भी आ जाएगा।

राज्य में पावरलूम उद्योगों में भीलवाडा में लगभग 40 हजार एवं किशनगढ, ब्यावर में लगभग 25 हजार श्रमिक प्रत्यक्ष रुप से एवं 1 लाख से अधिक श्रमिक अप्रत्यक्ष रुप से कार्यरत है। पावरलूम उद्योग चाइनिज प्रतिस्पद्धा बहुत ही कम मार्जिन पर कार्यरत है एवं इस उद्योग पर संकट से लाखो श्रमिकों के रोजगार पर भी संकट आ जाएगा।

अतः आपसे सादर निवेदन है कि पावरलूम उद्योग के विकास की भावना से यार्न पर वेट कर कम करने का जो साहसपूर्ण कदम उठाया गया है, उसे बनाये रखने, राज्य में पावरलूम उद्योग को बढावा देने एवं वर्तमान में स्थापित उद्योगों को कार्यशील रखने के लिए इस बजट में आरोपित यार्न पर प्रवेश कर को वापस लिया जावे। राज्य का पावरलूम उद्योग इसके लिए आपका आभारी रहेगा।

चेम्बर अध्यक्ष की उद्योगमंत्री, विधायक महोदय एवं अधिकारियों से भैंट

यार्न पर प्रवेश कर वापस लेने हेतु चेम्बर अध्यक्ष श्री अनिल मानसिंहका ने 22 मार्च 2016 को जयपुर जाकर माननीय विधायक श्री विठ्ठल शंकर अवस्थी से भैंट कर उन्हें समस्या से अवगत कराया। उन्होंने माननीय विधायक महोदय के साथ माननीय उद्योगमंत्री एवं वित्त सचिव से भैंट की। माननीय उद्योगमंत्री महोदय ने इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए माननीया मुख्यमंत्री से संवाद कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया।

यार्न पर Local Area में नहीं लगेगा प्रवेश कर

माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे ने 30 मार्च को विधानसभा में एप्रोप्रिएशन बिल पर जवाब देते हुए घोषणा की कि ''राजस्थान में कपड़ा उत्पादन के उपयोग में आने वाले यार्न पर हमनें बजट में 2 प्रतिशत प्रवेश शुल्क आरोपित किया था। राज्य के एक स्थानीय क्षेत्र से दूसरे स्थानीय क्षेत्र में यार्न Job Work पर जाने पर भी प्रवेश कर का दायित्व बनता है। इस समस्या के निराकरण के लिये राज्य के स्थानीय क्षेत्रों में ही अर्थात एक Local Area से दूसरे Local Area में Job Work पर आने वाले यार्न को प्रवेश कर से मुक्त किया जाना प्रस्तावित है।

रेलवे – अनारक्षित टिकिट के सम्बन्ध में नियमों में बदलाव

रेल मंत्रालय द्वारा अनारक्षित टिकिट के संबंध में 1 मार्च 2016 से प्रभावी, नियम परिवर्तित किए गए है, जिसके तहत अब 199 किमी तक के टिकिट पर केन्सल कराने पर कोई रिफण्ड नही दिया जाएगा एवं साथ ही टिकिट की अवधि 24 घण्टे से घटाकर 3 घण्टे कर दी है। नये प्रावधानों से सामान्य गरीब एवं मध्यमवर्गीय रेल यात्री, जो कि सामान्य दर्जे से यात्रा करते है, उनके साथ अन्याय होगा। मेवाड चेम्बर ने इस संबंध में माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु को निम्न प्रतिवेदन प्रेषित किया।

देश के आंतरिक भागों में, ग्रामीण क्षेत्रों में रेल यातायात की सुविधा बहुत कम है। कई मार्गो पर एक या दो पेसेन्जर ट्रेन ही चलती है, जिनमें भी अथाह भीड होती है। भीड के कारण महिलाएं, वृद्धजन अगर ट्रेन में चढने से वंचित रह जाते है तो अब नये नियमों के तहत उनके टिकिट के मूल्य का रिफण्ड भी नही होगा। एक ओर ट्रेन सुविधाओं का अभाव, दूसरी ओर ऐसी परिस्थितियों में रिफण्ड भी नही करना, सामान्य जनता के साथ अन्याय होगा। अतः इस नियम पर पुनः विचार कर वापस लेने का सादर निवेदन है।

साथ ही टिकिट की अवधि 24 घण्टे से घटाकर 3 घण्टा करना का भी कोई औचित्य नही है। कस्बो एवं शहरों से जुडे छोटे–छोटे स्थानों से यात्रिगण बडे केन्द्रों पर नित्यप्रति आवागमन करते है। एक ट्रेन छुट जाने की स्थिति में वे दूसरी पेसेन्जर ट्रेन पकड सकते थे। साथ ही बडे केन्द्रो पर उतर कर शाम को वापसी की टिकिट भी हाथोहाथ खरीद कर निश्चिन्त होकर अपना दैनिक कार्य निपटा सकते है क्योंकि शाम को वापसी में टिकिट लेने के लिए भीड में नही लगना पडेगा। यह आम सामान्य जन के लिए रोजमर्रा होता रहा है। अब इस नियम के परिवर्तन से शाम को या एक ट्रेन छुट जाने की स्थिति में दूसरी ट्रेन पकडने में बाधा आएगी। सामान्य जन के नजरिये से देखकर इस अनावश्यक नियम परिवर्तन को भी रद्द कराने एवं अनारक्षित टिकिट की अवधि 24 घण्टे रखने की कृपा करावे।

भीलवाडा रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियाँ प्रारम्भ

तत्कालीन रेलमंत्री माननीय डॉ सीपी जोशी के समय भीलवाडा रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढियां या एस्केलेटर लगाने की घौषणा की गई थी। मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने विभिन्न रेलवे सलाहकार समितियों में एवं रेल मंत्रालय के साथ इस विषय को लगातार उठाया। अन्ततः भीलवाडा रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) लगाये गये। दिनांक 10 मार्च 2016 को लगभग पौने दो करोड़ रुपए की लागत से बनी स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) का लोकार्पण सांसद श्री सुभाष बहेड़िया ने अन्य जनप्रतिनिधियों एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया। इस अवसर पर रेलवे के मंडल प्रबंधक श्री नरेश सालेचा ने कहा कि स्वचालित सीढ़ियों पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। भीलवाड़ा से मुंबई के साथ ही अन्य स्थानों के लिए प्रतिदिन रेल सेवा शुरू करने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजे हैं। उन्होंने बताया कि अजमेर मंडल के आठ स्टेशनों पर सोलर लाइटें लगाने का करार हुआ है। यात्रियों को शुद्ध पानी पिलाने के लिए आरओ प्लांट लगाने के भी प्रयास जारी हैं।

जयपुर–यशवंतपुर–जयपुर साप्ताहिक प्रीमियम – साप्ताहिक सुविधा रेल सेवा प्रारम्भ

वाया अजमेर, भीलवाडा, रतलाम, वडोदरा, पूणे, शोलापुर एवं बैल्लारी मार्ग से चलेगी

रेल प्रशासन द्वारा जयपुर–यशवंतपुर–जयपुर साप्ताहिक प्रीमियम रेलसेवा को साप्ताहिक सुविधा सुपरफास्ट रेलसेवा में परिवर्तित किया गया है। 17 मार्च से 25 अगस्त 2016 तक इसके 48 फेरे की मंजूरी दी गई है। प्रिमियम रेल के रुप में इसके कुल 5 ठहराव थे। चेम्बर के प्रतिनिधियों ने रेलवे सलाहकार समितियों की बैठक में इस रेल सेवा को नियमित करने एवं विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव की मांग की। रेलवे ने इसे साप्ताहिक सुविधा सुपरफास्ट रेलसेवा परिवर्तित कर अब अजमेर–भीलवाडा–चि ौडगढ आदि के कुल 21 ठहराव मंजूर किए है। ट्रेन संख्या 22696 जयपुर–यशवंतपुर (शनिवार) को एवं ट्रेन संख्या 22695 यशवंतपुर–जयपुर (गुरुवार) को संचालित होगी।

उदयपुर–जम्मूतवी–उदयपुर साप्ताहिक (13 ट्रिप) गरीब रथ स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी ग्रीष्म अवकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात के दबाव को देखते हुए 7 अप्रेल 2016 से उदयपुर–जम्मूतवी–उदयपुर साप्ताहिक (13 ट्रिप) गरीब रथ स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा वाया भीलवाडा, अजमेर, जयपुर, अलवर एवं हिसार प्रारम्भ करने की घौषणा की है। ट्रेन संख्या 04971–उदयपुर–जम्मुतवी (शुक्रवार) एवं ट्रेन संख्या 04972 जम्मुतवी–उदयपुर (गुरूवार) संचालित होगी।

केन्द्रीय बजट पर सेमीनार

दिनांक 3 मार्च 2016 को केन्द्रीय बजट पर मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री एवं कम्पनी सेकेट्री संस्थान की भीलवाडा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सेमीनार का आयोजन हुआ। इसमें जयपुर के चार्टेर्ड एकाउन्टेन्ट श्री पी सी परवाल ने प्रत्यक्ष कर पर एवं सर्विसटेक्स विशेषज्ञ श्री यश डढ्ढा ने अप्रत्यक्ष करों पर बजट की विवेचना की।

श्री परवाल ने बताया कि केन्द्रीय बजट में इस वर्ष डिस्पियुट निवारण स्कीम और आय घौषणा स्कीम शुरु की गई है। पेनल्टी प्रोविजन का पुर्ननिर्माण किया गया है, जिसमें आय की कम घौषणा पर पेनेल्टी 50 प्रतिशत होगी, लेकिन आय की गलत घौषणा पर पेनेल्टी 200 प्रतिशत होगी। टेक्स पर सरचार्ज 1 करोड से अधिक की आय पर व्यक्ति, एचयूएफ 12 प्रतिशत से 15 प्रतिशत किया है। केन्द्रीय बजट में सरकार ने ग्रामीण, कृषि एवं निर्धन वर्ग को प्रोत्साहन देने का प्रयास किया है। कृषि विकास सेस के रुप में 0.5 प्रतिशत सेस लगेगा।

उन्होंने कहाकि 5 लाख तक की आय पर सेक्शन 87ए के अर्न्तगत छुट 2 हजार से बढाकर 5 हजार की है। कॉरपोरेट टेक्स 5 करोड तक टर्नऑवर के लिए 30 प्रतिशत से घटाकर 29 प्रतिशत किया है। नये कम्पनियों के लिए कर की दर 25 प्रतिशत रखी गई है, यदि वह कोई ओर छुट या क्लेम या अतिरिक्त डेप्रिशेसन का लाभ नही उठाते है। 10 लाख से अधिक कीमत मोटर व्हीकल व 2 लाख से ज्यादा की बिक्री या सेवाओं के नकद प्राप्ति पर 1 प्रतिशत कर काटना होगा। प्रोफेशनल्स के लिए अनुमानित कराधान शुरु किया गया है जो कि 50 लाख तक की आय पर है। व्यवसाय के लिए यह राशि बढाकर 2 करोड कर दी है। प्रथम बार नया मकान बनाने पर 50 हजार अतिरिक्त छुट मिलेगी। यदि मकान की कीमत 50 लाख से कम है और ऋण की राशि 1 अप्रेल 2016 से 31 मार्च 2017 के बीच 35 लाख से अधिक नही है।

कार्यशाला में सर्विसटेक्स विशेषज्ञ श्री यश डढ्ढा ने कहाकि इस बजट में यदि 2 करोड रुपये से अधिक सर्विस टेक्स वसूल करने के बाद 6 माह तक जमा नही कराया गया तो गिरफ्तार करने का प्रावधान किया है, यह सीमा पहले 50 लाख रुपये थी। सेनवेट क्रेडिट को युक्तिसंगत करते हुए 10 हजार रुपये तक के पुंजीगत सामग्री का सेनवेट उसी वर्ष में लिया जा सकेगा। सर्विस टेक्स के देरी से भुगतान पर ब्याज दो भागो में बाटा गया है एक 24 प्रतिशत एवं दूसरा 15 प्रतिशत। उन्होंने सर्विस टेक्स के विभिन्न प्रावधानों, पेनेल्टी, रजिस्ट्रेशन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला के प्रारम्भ में चेम्बर के मानद महासचिव श्री एसपी नाथानी एवं सीएस श्री वी एस तापडिया ने अतिथियों का मार्ल्यापण कर स्वागत किया एवं संयुक्त सचिव श्री आर के जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव किया।

निटरा पावरलूम सेंटर पर वीविंग कम डिजाइनिंग प्रशिक्षण

रीको औद्योगिक क्षैत्र में संचालित निटरा पावरलूम सेंटर एण्ड टेस्टिंग लैब द्वारा 1 अप्रेल 2016 से त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये। वीविंग कम डिजाइनिंग के लिए त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 बेरोजगार युवकों को वस्त्र उद्योग में प्रयुक्त होने वाले फाइबर्स, धागों एवं विशेष रुप से भीलवाडा में बनने वाले फैब्रिक्स की संरचना की प्रायोगिक जानकारी दी जाती है। उद्योग विभाग राजस्थान की ओर से तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु छात्रवृति के रुप में 2000रु प्रतिमाह देने का प्रावधान है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 10वीं या उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगार युवक/युवतियां, वीविंग इकाईयों में कार्यरत सुपरवाईजर, जॉबर, बीम गेटर आदि को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मेगा पावरलूम क्लस्टर को करणपुरा में जमीन मिली

मेगा पावरलूम क्लस्टर के लिए करणपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन आबंटित कर दी गई। पहले क्लस्टर के लिए सोनियाणा इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन देना तय हुआ था लेकिन विवाद के कारण आबंटन निरस्त कर दिया गया। रीको अधिकारियों ने 7 मार्च को जिलास्तरीय औद्योगिक सलाहकार समिति की बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रीको ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ के लिए रेलवे ओवरब्रिज निर्माण पहले रेलवे द्वारा करवाया जना था। राज्य बजट में घोषणा होने से ओवरब्रिज निर्माण अब राज्य सरकार द्वारा करवाया जाएगा। मीटिंग में नए औद्योगिक क्षेत्र (बिजौलिया , ऊंखलिया, समेलिया, फतेहपुरा करणपुरा एवं करेड़ा) की प्रगति और राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2014 के तहत अनुदान के लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। योजना के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों पर स्टांप ड्यूटी एवं कनवर्जेशन चार्ज छूट के आवेदन पत्रों पर दो इकाइयों को अस्थाई प्रमाण पत्र जारी किए गए। बिजली निगम एक्सईएन राजपाल सिंह ने बताया कि जिले में 109 प्रकरण लंबित हैं।

विश्व जल दिवस पर कार्यशाला

22 मार्च 2016 को मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री एवं एनजीओ ''पानीवाले'' संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने भीलवाडा जिले में जल की स्थिति एवं जल संरक्षण जागरुकता का संदेश दिया।

जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता श्री वी के गर्ग ने बताया कि भीलवाडा में पेयजल समस्या के हल के लिए विभाग निरन्तर प्रत्यनशील है एवं इस संबंध में जनता को जागृत होने की आवश्यकता है कि उपलब्ध जल का समुचित उपयोग करे एवं जल जो कि काफी महंगी लागत से भीलवाडा को दिया जा रहा है के मित्तव्ययी उपयोग को बढावा दे।

इस अवसर पर श्री ओ पी हिंगड ने जल की कमी एवं चम्बल परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए यह आशा व्यक्त की है कि आने वाले दो माह उपरान्त भीलवाडा को चम्बल से पानी उपलब्ध हो सकेगा। भूजल विज्ञानी श्री अशोक भण्डारी ने भूमिगत जल को किस प्रकार संचय किया जा सकता है एवं भूमिगत जल का कम से कम उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि आने वाली पीढी के लिए उपयुक्त जल की मात्रा उपलब्ध हो सके।

पूर्व मुख्य सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग श्री डी डी देराश्री ने बेडच नदी के पानी को गुवारडी बांध तक लाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह कम लागत में गुवारडी बांध को लगभग 1.5 मीटर उपर उठाकर कर केवल मात्र बारिश के 30–35 दिनों में बेडच में बह रह पानी से गुवारडी बांध को भरा जा सकता है एवं इस अतिरिक्त पानी का उपयोग केवल औद्योगिक आपूर्ति हेतु किया जाने से औद्योगिक इकाईयों को पर्याप्त मात्रों में जल उपलब्ध हो सकता है। साथ ही ब्राम्हणी नदी का पानी रुपारेल नदी में होते हुए बेडच एवं बेडच से बनास तथा बनास को कोठारी से जोडकर एक 65 किमी लम्बी फीडर बनाकर वर्षा ऋतु में ब्राम्हणी एवं बेडच नदी में बह रहे अतिरिक्त पानी को आसानी से कच्ची नहर द्वारा उम्मेदसागर बांध शाहपुरा तक पहुँचाया जा सकता है, इससे रास्ते में पडने वाली बस्सी, भीलवाडा, कोटडी एवं शाहपुरा तहसील के क्षेत्र में निरन्तर बहाव से भूजल पुर्नभरण बढेगा व कुओं में पानी व सेजा बनने से क्षेत्र में जल संकट में कमी आएगी। इसी प्रकार मेजा–माण्डल को सरेरी बांध व बनेडा के उदयसागर, उम्मेदसागर व नाहरसागर तक कच्ची नहर के द्वारा जोडा जा सकता है।

अभियनता श्री गम्भीर ने जल के पारिवारिक उपयोग में किस तरह से कम खर्च में उपयोग में लिया जा सकता है के बारे में जानकारी दी। पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी श्री केदार जागेटिया ने बताया कि उन्होंने भीलवाडा में लगभग 500 स्थलों पर वर्षा जल पुर्नभरण एवं ट्यूबवेल, कुए रिचार्ज का कार्य करवाया है, उसके अच्छे परिणाम आए है, जहां–जहां रिचार्ज करवाया है वहां 10–15 फीट पर मिठा पानी उपलब्ध है। उन्होंने जल स्वावलम्बन में कराये जा रहे कार्यो को गांवाई कुओ से जोडने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि गांवों में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। कार्यशाला का प्रारम्भ मेवाड चेम्बर के उपाध्यक्ष श्री जेके बागडोदिया, श्री डीडी देराश्री, श्री ओपी हिंगड ने दीप प्रज्जवलन कर की।

TAX RELIEF FOR YARN INDUSTRY IN PUNJAB

Reduction of VAT on cotton and other yarn from 6.05% to 3.63% in the state budget proposed on Tuesday has been welcomed by the cotton spinning industry, which had long been demanding it. Punjab has around 100 spinning mills, of which 10 mills with installed capacity of 1.5 lakh spindles had closed recently due to unfavourable tax regime. The industry hopes to get a level-playing field with the reduction of 2.4% VAT on yarn and compete with the spinning industry in neighbouring states.

The development though has no direct bearing on cotton ginning factories but it will provide some relief as demand for yarn will increase and spinning mills will increase cotton purchases, feel the ginners. In the wake of higher VAT in Punjab, the weaving industry preferred to purchase yarn from spinners from Himachal, UP and Uttrakhand.

"The spinning industry was facing tough times in Punjab due to higher VAT. The spinners from neighbouring states used to sell it at 2% VAT but with reduction in tax rates, the spinning industry will be able to compete," said Bathinda-based Indian Cotton Association Limited (ICAL) former president Rakesh Rathi. Barnala-based Trident Group spokesperson Rupinder Gupta said, "Reduction in VAT will prove a big relief to Punjab-based spinning industry. Trident has spinning unit at Dhaula near Barnala.

"Cotton ginners were demanding various types of tax relaxations. The VAT reduction now though will not directly help them but it will definitely help in arrest the trend of flying off of the industry. The ginning factories in Punjab have reduced to nearly one hundred from 422 in 2003," said Cotton Ginning Factories Association president Bhagwan Bansal. He said that now the state government needed to call a meeting of all stakeholders solve the woes of industry and should make efforts to save it going the way Mandi Gobindgarh's steel industry had gone. (Source: The Times of India, March 16, 2016)

The Amended Technology Upgradation Fund Scheme (ATUFS)

(To be published in Part I Section 1 of the Gazette of India)

Government of India

Ministry of Textiles

New Delhi, the 29th February, 2016

RESOLUTION

No.6/5/2015-TUFS: The Amended Technology Upgradation Fund Scheme (ATUFS) has been notified by the Ministry of Textiles vide Resolution of even number dated 13.01.2016. In accordance to the said Resolution, the Guidelines of ATUFS i.e. financial and operational parameters and implementation mechanism for ATUFS during its implementation period from 13.01.2016 to 31.03.2022 are laid down as under:

1. OBJECTIVE:

1.1. In order to promote ease of doing business in the country and achieve the vision of generating employment and promoting exports through "Make in India" with "Zero effect and Zero defect" in manufacturing, it has been decided that the Government would provide credit linked Capital Investment Subsidy (CIS) under Amended Technology Upgradation Fund Scheme (ATUFS).

1.2. The scheme would facilitate augmenting of investment, productivity, quality, employment, exports along with import substitution in the textile industry. It will also indirectly promote investment in textile machinery (having benchmarked technology) manufacturing.

2. Definitions under the Scheme

2.1 Technology Upgradation would mean induction of state-of-the-art or near-state-of-the-art technology by the textile industry. Technology levels of the machinery will be updated and specified annually by the Technical Advisory-cum-Monitoring Committee (TAMC). Machinery with technology levels lower than that specified, are not permitted for funding under the ATUF Scheme.

2.2. Capital Investment Subsidy (CIS) would mean the subsidy at the prescribed rate for the segment on investment made in 'Fixed Capital Investment' for purchases of the benchmarked new machinery for each segment under this scheme, which will be determined on the basic cost of the benchmarked machinery after its installation by the entity.

2.3. Garment/Apparel/Made-ups would mean wearable or non-wearable stitched fabrics of which at least two sides of the fabrics are stitched using sewing machinery.

